तित्थयर

वर्ष २२ अंक-१२ मार्च १९९९

जैन भवन



'जिसे तुम मारना चाहते हो वह तुम ही हो।'

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard De-oiled Cakes, Neem deoiled Powder, Ground-nut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant
Post Box No. 5
Lucknow Road
Sitapur-261001 (U.P.)
Ph : 42017/42397/42073
(05862)
Gram - Sethia - Sitapur
Fax : 42790 (05862)

Registered Office
143, Cotton Street
Cal-700 007
Ph : 2384329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office
2, India Exchange Place
Calcutta-700 001
Ph : 2201001/9146/5055
Telex : 217149 SOIN IN
Fax : 2200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

जैन भवन
कलकत्ता

वर्ष - २२ अंक - १२, मार्च १९९९

संपादन
लता बोथरा

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor, Tithayar, P-25 Kalakar Street
Calcutta - 700 007, Phone : 238 2655

तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें -
Secretary, Jain Bhawan, P-25 Kalakar Street, Calcutta - 700 007
Subscription for one year : Rs. 55.00, US $ 20.00,
for three years : 160.00, US $ 60.00.
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US $ 160.00.

Published by Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25 Kalakar Street, Calcutta - 700 007 and Printed by her
at Surana Printing Works, 205 Rabindra Sarani
Calcutta - 700 007, Phone : 239-4393

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	लेख	लेखक	पृ. सं.
१.	महाराज श्रेणिक के परिवारिक	डा° विपिनचन्द कापडिया अनुवाद - भंवरलाल नाहटा	२८५
२.	राजा सम्प्रति	--	२९०
३.	श्रावक जीवन	आचार्यश्री विजयभद्र गुप्त सूरीश्वरजी	२९६
४.	पाठक दीर्घा	--	३००

आवरण चित्र-पाकबिरा से ७वीं से १०वीं शताब्दी की प्राप्त जैन मूर्तियाँ एवं मन्दिर ।

Composed by
COMPU LASER GRAPHICS, 9, Srimani Ghat Lane, Rishra-712248, Hooghly.

सम्मदिट्ठी सया अमूढे,
अत्थि हु नाणे तव-संजमे य ।
तवसा धुणइ पुराण पावगं,
मण-वय-कायसुसंवुड़े जे स भिक्खू ॥

जो सम्यग्दर्शी है, जो कर्त्तव्य-विमूढ़ नहीं है, जो ज्ञान, तप और संयम का दृढ़ श्रद्धालु है, जो मन, वचन और शरीर को पाप-पथ पर जाने से रोक रखता है, जो तप के द्वारा पूर्व-कृत पाप-कर्मों को नष्ट कर देता है, वही भिक्षु है ।

महाराजा श्रेणिक के परिवारिक

डा॰ विपिनचन्द कापड़िया
अनुवाद - भंवरलाल नाहटा

भगवान महावीर जब राजगृही में नहीं होते और जहाँ भी विचरते हों उस नगर की दिशामें सात आठ कदम चल कर तीन खमासमण पूर्वक भक्ति भाव से उल्लसित हृदय से प्रभु वन्दन कर स्वर्णजपों से स्वस्तिक कर स्तवनादि से अनुष्ठान करते । इस प्रकार श्रेणिक राजा ने जिन भक्ति के प्रभाव से जिननाम कर्म उपार्जित किया । जिसके प्रभाव से आगामी चौबीसी में पद्नाभ नामक प्रथम तीर्थंकर होगें । उन्हें हमारा भाव भक्तिपूर्वक कोटि-कोटि वन्दन ।

श्रेणिक राजा इस अत्युत्तम भावी तीर्थंकर पद पर पहुँचे, क्योंकि वे विरागी थे । अभयकुमार को राज्य सौंप कर निवृत्त होने की इच्छा की परन्तु उसने संसार त्याग की सम्मति मांगी और उसने अपने बुद्धि बल से युक्ति पूर्वक प्राप्त की क्योंकि संसार को जेल या दुःखागार समझने वाले को अंतराय न कर सका ।

श्री कृष्णजी स्वयं भी वैसे वैरागी थे । अपने पुत्र-पुत्रियों को बोध पूर्वक संसार त्याग कराते थे । थावच्चापुत्र की दीक्षा के अवसर पर उद्घोषणा कराई थी कि जिसे भी संसार त्याग करना हो, पीछे वालों के सार-संभाल निर्वाह की जिम्मेवारी स्वयं करेगें । स्वयं संसार त्याग को समर्थ न होने से अनुमोदना में सक्रिय रहे ।

"अभयकुमार जैसी बुद्धि हो" जो इस कीर्त्तिशाली अभयकुमार श्रेणिक राजा के ज्येष्ठ पुत्र थे । वे आर्द्रकुमार को प्रतिबोध देनेवाले थे । राजगृही नगरी व उपनगर नालंदा में भगवान के १४ चौमासे हुए थे । प्रतिदिन ७ हत्या करने वाला अर्जुनमाली, शालिभद्र, भगवान से धर्मलाभ प्राप्त करने वाली सुलसा, पुणिया श्रावक, ५२७ को प्रतिबोधपूर्वक संयममार्ग में प्रवृत्त करने वाले चरम केवली जंबूस्वामी, अनेक तपस्वीजन श्रेष्टी, संत, सतीयाँ, राजपुत्रादि परिवार की प्रेरक स्मृतियाँ राजगृह नगर के साथ जुड़ी हुई है ।

राजा श्रेणिक की राणी धारिणी के पुत्र मेघ कुमार ने भगवान के पास

दीक्षा ली उसका संथारा अंतिम स्थान में लगने से साधुओं के आवागमन की धूलि पड़ने से ठोकर लगने से अनिद्रित प्रातः काल प्रभु के पास घर लौट जाने को प्रस्तुत होकर आने पर पूर्व जन्म की कष्ट सहिष्णुता बतलाकर धर्म संयममार्ग में स्थिर किया। वे पूर्व जन्म में अनेक हाथियों के यूथपति 'सुमेरू प्रभ' नामक हाथी थे। वन मे लगे दावानल से बचने वाले प्राणियो मे एक शशक (खरगोश) के अपने पैर उँचा करने पर आ बैठने पर उसकी रक्षार्थ करूणाद्र हृदय से तीन अहोरात्र पैर उँचा रखा और अकड़ जाने से मृत्यु पाने वाले हाथी के जीव थे मेघकुमार।

मगधेश प्रसेनजित् के सभी पुत्रों में श्रेणिक विचक्षण और बुद्धिमान थे। दूसरे भाई उनसे ईर्ष्या रखते थे किन्तु पिता स्वयं हार्दिक प्रेम होते हुए भी अनेकशः वाह्य व्यवहार से स्वयं को उपेक्षित महसूस कर राजकुमार श्रेणिक अकेला ही राजगृह से देशाटन के हेतु निकल पड़ा और क्रमशः बेनातट जा पहुँचा और वहाँ के सेठ धनावह के यहाँ जाकर टिका। वहाँ सेठ की पुत्री नंदा से उसका विवाह हो गया। वहाँ उसके अभयकुमार नामक पुत्र हुआ जो बाल्यकाल से ही बड़ा बुद्धिशाली था। मगध के गुप्तचरो से ज्ञात कर राजा प्रसेनजित ने श्रेणिक को राजगृह बुलाकर राज्याभिषिक्त कर दिया। अभयकुमार जब बड़ा हुआ तो अपने पिता संबधी प्रश्न करने पर उसे सांकेतिक परिचयात्मक जो श्रेणिक लिख गया था बतलाया। बुद्धिमान अभयकुमार अपनी माँ नंदा को लेकर राजगृह जा पहुँचा और परीक्षा में उत्तीर्ण होकर मगध देश का प्रधान मंत्री बन गया। श्रेणिक का ज्येष्ठ पुत्र तो था ही किन्तु जन्म जात संस्कारो से ही धार्मिक जीवन बिताता हुआ राज्य सेवा रत था। वैराग्य वासित होने पर भी पितृ आज्ञा के बिना वह भगवान महावीर से दीक्षित होने मे असमर्थ था। जैन वाड्मय अभयकुमार के अद्भुत कार्य कलापो से सुपरिचित है।

एक वार श्रेणिक और चेलना शीतकाल में भगवान को वन्दन कर लौट रहे थे तो एक मुनि को भयंकर ठण्ड में कायोत्सर्ग स्थित निर्वस्त्र देखा रात्रि में जब चेलना महल में गरम वस्त्रों से वेष्टित सो रही थी और उसका हाथ बाहर रहने से शीत से अकड़ गया तो दिन में देखे हुए उस मुनि का स्मरण हो सहसा मुँह से निकल पड़ा इस भयंकर ठण्ड में उस की क्या दशा होगी ? श्रेणिक के कानों में पड़े उन शब्दोंने उसे रानी चेलना के शील के विषय मे सशंकित कर दिया। प्रातःकाल उठते ही भगवान को वन्दन करने जाते

अभयकुमार को आज्ञा दे गये कि चेलना के महल को जला देना। अभयकुमार ने महल को खाली करा के आग लगा दी। रानी चेलना को सुरक्षित महल मे स्थानान्तरित कर ही दिया।

श्रेणिक ने भगवान से चेलना के सतीत्व सम्बन्धी प्रश्न किया तो भगवान ने कहा-चेडा राजा की सातों पुत्रियाँ सती है। राजा श्रेणिक शीघ्रता से लौटा और महल को जलते देखकर कहा जा जारे अभयकुमार तुमने अनर्थ कर दिया। इन शब्दों से अभयकुमार ने अपने को दीक्षित होने की आज्ञा मांग ली और भगवान के पास जाकर दीक्षित हो गया।

अभयकुमार की पूर्व भव कथा

डा° नेमिचन्द शास्त्री ने मंगल मंत्र णमोकार एक अनुचिन्तन ग्रन्थ में लिखा है कि धर्मामृत की पहली कथा में वसुभूति ब्राह्मण लोभ से आकृष्ट होकर दिगम्बर मुनि व्रत धारण कर लिया और अष्टाह्निक पर्व सम्पन्न कराने के लिए केश लुंच और द्रव्य लिंगी साधु के अन्य व्रत धारण कर लिए। दक्षिणा प्राप्ति के लोभ से वह दया मित्र के साथ जंगल में जा रहा था तो एक दिन जंगली लुटेरों ने सेठ दया मित्र के साथ वाले व्यापारियों पर आक्रमण किया। दया मित्र द्वारा वाण वर्षा करने पर लुटेरों के वाण से वसुभूति घायल होकर तड़फड़ाने लगा। दया मित्र के उपदेश से उसे सम्यकत्व प्राप्ति हो चुकी थी। दया मित्र ने उसे समाधिमरण से आत्म कल्याण करने के लिए समझाया। वह मृत्यु भय त्याग कर णमोकार मंत्र के ध्यान मे एकाग्र हो गया। और बाह्य पदार्थो से परिणाम हटा कर ध्यानावस्था में ही शरीर त्याग कर सौधर्म देवलोक के मणिप्रभा विमान मे मणिकुण्ड नामक देव हो गया। अपना पूर्व भव ज्ञात कर उपकारी दया मित्र का दर्शन करने आया।

उस ब्राह्मण मणिकुण्ड का जीव स्वर्ग से च्यव कर महाराजा श्रेणिक का पुत्र महामंत्री अभयकुमार हुआ। वयस्क होकर दीक्षा ली और तपश्चरण कर समाधि पूर्वकदेह त्याग कर सर्वार्थ सिद्धि में अहमिन्द्र हुआ। वहाँ से च्यव कर निर्वाण प्राप्त करेगा। श्रमण के जुलाई-सितम्बर अंक के पृ-९७ में डा° विशिष्ट नारायण सिन्हा ने ग्रन्थों की समीक्षा में "सो परम महारस चारवे" की समीक्षा में घनानंद और आनंदघन को एक माना है किन्तु आनंदघन जी जैन अवधूत उच्चकाटि के थे और घनानंद का विषय अलग है वे जैनेत्तर थे।

श्री विपिनचंद्र ही· कापड़िया ने श्रेणिक के पारिवारिक जनों का परिचय दिया है पर उनके श्वसुर पक्ष के सदस्यों के उल्लेख बिना वह अधूरा रह जाता है और वह आज के परिवेश में जानकारी मिलना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। भगवान महावीर के शासन की साध्वीसंघ प्रमुखा चन्दनवाला प्रभु के मौसी की पुत्री थी और उससे भी पहले केवलज्ञान प्राप्त करने वाली कौशाम्बी पति शतानीक की रानी सतीमृगावती थी और शील गुण सम्पन्न तो धारिणी, पद्मावती, प्रभावती, सुजेष्टा आदि सभी सती श्रेष्टाएँ थी।

यह उपर बताया जा चुका है कि श्रेणिक की महारानी नंदा अभयकुमार की माता थी। सेठ धनावह जो उसके पिता और अभयकुमार के नाना थे, उन्होंने वृद्धावस्था में भगवान महावीर से दीक्षा ली थी। चढ़ती भावधारा में जब आप क्षपकश्रेणि की ओर अग्रसर होने की तैयारी में थे दुर्भाग्यवश लघुशंका निवृत्यर्थ उठे और भावधारा भंग हो गई अतः गुप्ति से समिति स्थिति में आ गए जिससे भव भ्रमण करने पड़े। अन्त में परम कृपालु श्रीमद् राजचन्द्र के रूप में ज्ञानावतार इस काल में उत्पन्न हुए। इसी बीच अनेक भव करते हुए नेपाल के राजकुमार भी हुए थे। श्रीमद् जी ने स्वयं लिखा है कि लघुशंका के प्रमाद से इतने भव भ्रमण करने पड़े। श्रीमद् जी सभी ऋणानुवंधन चुका कर तेतीस वर्ष की अल्पायु में ही काल धर्म पाकर महाविदेह क्षेत्र मे उत्पन्न हुए। वर्तमान मे आप श्री सीमंधर स्वामी से दीक्षित होकर केवली अवस्था मे विचरण कर रहे है।

मातुश्री धनदेवी जी ने महाविदेह जाकर श्री सीमंधर स्वामी के समवशरण में जाकर जो अपने अनुभव पद में टंकशाली शब्दों में व्यक्त किये है देखिये –

समजु मुमक्षु तमे सुणो आ संदेशो।
मान्य करजो ना धरजो लगी रे अंदेशो॥
महाविदेहे हुतो गई हती आजे।
सीमंधर प्रभुजी ने सांमलवा कजे। तमे सुणो॥ १॥
केवली सभा मां त्यां श्री राजप्रभु दीठा।
ज्ञान हष्टिए तेओ लाग्या बहु मीठा। तमे॥ २॥
देशना अंते वंदी हेठी बैठी ज्या।
परम पिताए मने आपी शिक्षा त्यां। तमे॥ ३॥
वीर प्रभु ना हता शिष्य ए ज्यारे।

हती लाडली पुत्री एओ नी त्यारे । तमे ॥ ४ ॥
अध्यातम वृत्ति जोई आपी साबासी ।
रूप रेखा भावीनी सहज प्रकाशी । तमे ॥ ५ ॥
भरते आ काले लीधुं शरणं तमेजे ।
युग प्रधानसाचा सहजानंद ही ते । तमे ॥ ६ ॥
सर्वे मुमुक्षु संपी तेमे अनुसरजो ।
भावी तीर्थंकर सेवी भव जल तरजो । तमे ॥ ७ ॥
बेटी धनु तुंमारा आशीष कहजे ।
तेनी भक्तियां तुतो अलमस्त रहजे । तपेसु ॥ ८ ॥

हम्पी वाले सुप्रसिद्ध मातु श्री धन देवी जी उस भव में धनावह सेठ की लघु पुत्री और अभयकुमार की मौसी थी । भगवान के राजगृह पधारने पर नंदा ने दीक्षा ली ग्यारह अंगों का अध्ययन किया और २० वर्ष पर्यन्त निरतिचार संयम पालन कर मोक्ष को प्राप्त हुई । अंतगड दशासूत्र वर्ग ७ अं १ गा था १-२ में इसका वर्णन हैं । धनावह सेठ बड़े समृद्धिशाली थे । श्री ज्ञानविमल सूरिजी विरचित तीर्थमाला में सोही ग्राम में यहाँ यात्रा का वर्णन इस प्रकार किया है ।

अंकरतन आरस तणाए प्रतिमा प्रथम जिणंद अछे महिमा घणोए ॥२६॥
सेठ धनावह जाणियें ए वेणातट मांहिजेह थयो पहिलां सुण्योए ॥२७॥
नानो अभयकुमार नो ए तिणाभराव्या बिंब सवा कोड़ि मांझनिए ॥२८॥
ते मांहिलाए बिंबछै ए संप्रति प्रगटचा तेह भक्तिजन पुण्य थी ए ॥२९॥
वास भगति की घी घणी ए चन्द्रोदय करि आदि पूजा परिकर तणी ए॥३०॥
तास पासे लघु ग्राम छे ए भरडुआ नामे जेह विहां महिमा हती ए ॥३१॥
प्रगट करावी तेह भली ए कीधी तस बहु भक्ति यथा शक्ति करी ए ॥३२॥

प्राचीन तीर्थमाला संग्रह पृ-१३५

श्रीमद् राजचन्द्र जी की भक्तमण्डली में इतः पूर्व उनके स्वर्ग में होने की मान्यता थी । माता जी जब संघ सहित यात्रा करते हुए पधारे और घंटिया पहाड़ी पर गुरूदेव माता जी आदि भक्तों सहित थे तो रात्रि में ३ बजे माता जी को यह प्रेरणा हुई कि भक्तों की देवलोक मैं श्रीमद् के होने की मान्यता परिवर्तन कराओ तो उन्होंने तत्काल भक्ति करते हुए भोगी बाई आदि समस्त भक्तों की मान्यता सही कराई ।

राजा सम्प्रति

"माता ! तुम्हारा वचन मुझे मान्य है। तुम्हारी प्रसन्नता के लिए, जो भी आज्ञा होगी, उसका पालन मैं अवश्य करूँगा !" इन शब्दों को सुनकर माताको हार्दिक प्रसन्नता हुई और उसने सम्प्रतिको शुभाशीर्वाद दिया।

पहले जब सम्प्रति राजा ने दिग्विजय के लिए प्रस्थान किया, उसके पूर्व महाराज अशोक ने सुना था कि युवराज महेन्द्र बुद्धगुरू के उपदेश से अवन्ती छोड़कर बौद्धभिक्षु बन गया है। अतएव अशोक ने सम्प्रतिको उज्जयिनी प्रदान कर बहुत बड़ी सेना और परिवार सहित अवन्ती भेजा, किन्तु महत्वाकाँक्षी सम्प्रति ने पिता का सेना द्वारा अवन्ती न जाकर विजय-यात्रा के लिए अपने परिवार को अवन्ती में छोड़कर ही संसार के कोने-कोने में घूमकर अपनी दुहाई फिरा दी और राजाओं से सेना, शस्त्र और स्वर्ण प्राप्त करता हुआ वह जड़ और चैतन्य रूप अटूट सम्पत्तिका स्वामी बन गया।

वृद्धावस्था में पहुँचे हुए अशोक को इस नवोदित सूर्य की किरणों का प्रकाश समग्र जगत् में फैलता देखकर अत्यन्त प्रसन्नता होती थी। उसके मन में परम सन्तोष हो रहा था कि– "अहा ! मेरे पितामह चन्द्रगुप्त तो केवल भारत के ही सम्राट थे, किन्तु मेरा पौत्र तो सम्पूर्ण जगत् का सम्राट् बन गया है। संसार में ऐसा कोई देश नहीं है, जहाँ पर सम्प्रति की दुहाई न फिरती हो। अर्ध भारत के तीनों खण्ड में ऐसा कोई भी आर्य या अनार्य राजा नहीं था, जो सम्प्रति को 'कर' भेट में न देता हो !"

पौत्र जब दिग्विजय कर रहा था, तब उसकी विजय के प्रतिदिन ही नए-नए समाचार अशोक को सुनाई देते थे। तीनों खण्ड में सम्राट् सम्प्रति के दूत जहाँ तहाँ फैले हुए थे। प्रत्येक राज्य में सम्प्रति के गुप्तचर घूमते रहते थे। सोलह हजार राजाओं ने अपनी साम्राज्य भक्ति के परिचय-स्वरूप अपने राजकुमार सेवा में अर्पण कर दिए थे। वर्ष भर में एकबार तो उन्हे स्वयं भी सम्राट् की सेवा में उपस्थित होना पड़ता था। इस प्रकार पितामह ने तो सम्प्रति कुमार को अपनी सेना के साथ उज्जयिनी का ही अधिपति बनाकर भेजा था, किन्तु उस पराक्रम के उदीयमान सूर्य ने तो

सम्पूर्ण-पृथ्वी की सत्ता हस्तगत कर सोलह हजार राजाओं का स्वामित्व प्राप्त कर लिया था। इस प्रकार वह वासुदेव तो नहीं, किन्तु वासुदेव के समान ही संसार में प्रसिद्ध हो गया।

आर्य सुहस्ति स्वामी

वीर-सम्वत्की तीसरी शताब्दि के मध्यकाल में चौदह पूर्वधर श्री स्थूलिभद्र स्वामी के शिष्य आर्य महागिरि और आर्य सुहस्ति थे। ये दोनों युग-प्रधान उस समय जैन शासन के नायक थे। त्याग और वैराग्यकी उच्च भावना में आर्य महागिरि की तो पराकाष्टा ही थी। इससे जिनकल्प का उस समय यद्यपि विच्छेद हो गया था, तो भी जिनकल्पी की तुलना करने विषयक उनका मनोरथ हुआ। अतएव उन्होंने समस्त गच्छ का भार आर्य सुहस्ति स्वामी को सौंपकर स्वयं गच्छ में रहते हुए जिनकल्पी की तुलना करते हुए एकाकी होकर वे तपश्चर्य करते पृथ्वीपर विहार करने लगे।

आर्य सुहस्ति स्वामी अपने शिष्य-समुदाय के साथ विहार करते पाटलीपुत्र आए। वहाँ वसुभूति नाम के श्रेष्ठीको प्रतिबोध देकर जैन बनाया। इसके पश्चात् देश-विदेश में विहार करते हुए और भव्य जीवों को अपने ज्ञानामृत का पान कराते हुए आर्य सुहस्ति स्वामी महावीर स्वामी को वन्दन करने के लिए अवन्ती देश की ओर विहार कर गए।

एकदिन अवन्ती में जीवन्त स्वामी का बहुत बड़ा महोत्सव हुआ। उस समय रथयात्रा का बड़ा भारी जुलूस निकला। संसार-रूपी समुद्र को पार करने के लिए जहाज के समान वह जीवन्त स्वामी का रथ नगर में भ्रमण करने के लिए निकाला गया। हजारों जैन धनपति उस समारोह में सम्मिलित रहने के कारण अवन्ती की समृद्धि का उस समय प्रत्यक्ष दर्शन हो रहा था। अनेक प्रकार के वाद्य-यन्त्र बज रहे थे। घुड़सवार सेवकों का कोई पार ही नहीं था। इस प्रकार अगणित जैन उसमें साथ चलते हुए अपनी समृद्धि बतला रहे थे। रथ के पीछे भी अनेक साधु समुदाय के साथ आर्य महागिरि और आर्य सुहस्ति स्वामी भी सबके आगे चल रहे थे। उनके पीछे श्रावक समुदाय एवं साध्वी तथा श्राविकाओं का समुदाय भी व्यवस्थित रूप से चल रहा था। इस प्रकार वह जुलूस नगर में भ्रमण कर रहा था।

वह जुलूस जब राज-प्रासाद के निकट पहुँचा, तो वहाँ के अनेक दास-दासी आदि कोई झरोखे में से तो कोई छज्जे या खिड़की में से और कोई

चाँदनी या जहाँ से जिसे अनुकूलता हुई वहीं से उस जुलूस को देखने लगा। उस समारोह की धूमधाम से आकृष्ट हो, महान् सम्प्रति भी गवाक्ष में बैठे हुए उसका दृश्य देखने लगे । उनकी दृष्टि चारों ओर घूमती हुई अनेक मनुष्यों को देख रही थी । उन्होंने जीवन्त स्वामी के रथ को भी देखा और वाद्य-यन्त्रों के मधुर-स्वर भी सुने । धीरे-धीरे उनकी दृष्टि आर्य सुहस्ति स्वामी पर पड़ी । उन सूरीश्वर को देखकर राजा के मन में विचार हुआ कि, इन शान्तात्मा, पवित्र मुनि को पहले कहीं देखा है ! किन्तु कहाँ देखा था, यह याद नहीं आ रहा है । इन्हें देखकर मेरे मन में स्नेहभाव जागृत हो रहा है । विवेकी पुरूष कहते हैं कि जिसे देखने से प्रसन्नता होती हो, उसे पूर्वजन्म का बन्धु समझना चाहिए । इस प्रकार विचार करते हुए महान् सम्प्रति स्मरण करने लगे कि इन्हें कहाँ देखा है ? फिर भी याद नहीं आया, किन्तु इस बात का तो उनके मन में निश्चय हो ही गया कि इन्हें कहीं देखा अवश्य है । इस प्रकार बारम्बार स्मरण करते हुए सम्प्रति एकदम अचेत से हो गए। उन्हें मूर्छा आगई । राजमहल में कोलाहल मचगया । मन्त्री लोग दौड़ कर वहाँ आ पहुँचे, और उनको मूर्छा से जागृत करने के लिए अनेक प्रकार के उपाय करने लगे । वायु प्रक्षेप (पङ्खा झलने) आदि के रूप में शीतोपचार करने पर जैसे ही वे सचेत हुए, तब जाति-स्मरण ज्ञान होने से उन्होंने देखा कि- "अहो ! पूर्वजन्म में मैं कौन था ? और क्या कार्य करने से राज्य का स्वामी बन सका हूँ ?"

तत्काल ही वे गवाक्ष से नीचे आए और राजमहल से चलकर उस समारोह के समीप जा पहुँचे । सब लोगोंने उन्हें आते देख कर मार्ग दिया। उन्होंने सुहस्ति स्वामी की तीनबार प्रदक्षिणा करके विनम्र भाव से नमन किया और दोनों हाथ जोड़कर हर्ष पूर्वक प्रश्न किया :- "भगवन् ! आप मुझे पहचानते हैं ?"

"आप राजा हैं । यह सभी लोग जानते हैं कि आप सम्राट् अशोक के पौत्र और वीर कुणाल के पुत्र हैं ।"

"मैं राजा के रूप में आपसे नहीं पूछ रहा हूँ । आप अन्य किसी प्रकार से भी मुझे पहचानते हैं ?"

महान सम्प्रति के इस वचन को सुनते ही सुहस्ति स्वामी ने ज्ञान का उपयोग किया और उसके द्वारा सम्प्रतिका पूर्व वृत्तान्त जानने के बाद

कहा :- "राजन् ! मैंने तुम्हें अच्छी तरह पहचान लिया है ! पहले जब हम विहार करते हुए कौशाम्बी नगरी में आए थे, उस समय भयङ्कर दुश्काल था और उसी समय एक गरीब भिक्षुक ने हमारे पास आकर लड्डू (मोदक) की आशा से दीक्षा ली थी । दीक्षा लेने के पश्चात एक दिनका चारित्र पालन कर वह भिखारी उस जन्म में आयुष्य पूर्ण होने से देह त्याग कर जगत से विदा हो गया । वही आत्मा तुम्हारे रूप में आज महान् सम्प्रति बनकर यहाँ अवतीर्ण हुई है ।" आर्य सुहस्ति स्वामी ने संक्षेप में उस गरीब भिखारी का चरित्र वहाँ सब के सन्मुख कह सुनाया !

राजा ने उनसे फिर पूछा :- "हे भगवन् ! जैन धर्म, अरिहन्त भगवन्त का धर्म प्राप्त होने का फल क्या है ?"

"उसका सर्वोत्तम फल तो मोक्ष प्राप्ति है, किन्तु सामान्य फल स्वर्ग, राज्य-प्राप्ति आदि अनेक प्रकार का जानना चाहिए ।"

"हे पूज्य ! अव्यक्त सामायिक चारित्र का फल भी बतलाइए !" राजाने पुनः पूछा ।

"हे राजन् ! सामायिक करनेवाला प्राणी यदि पुण्य उपार्जन करे तो उसके पुण्य की संख्या नहीं हो सकती । श्रावक भी सामायिक करने से उतने समय तक साधु ही माना जाता है । 'समणो इव सावओ हवइ जम्हा' अतएव बारम्बार सामायिक करना चाहिए । फिर अव्यक्त सामायिक का फल भी राज्य प्राप्ति है ।"

वैसे यदि कोई पुरूष प्रतिदिन एक लाख सुवर्णमुद्रा का दान करे और दूसरा पुरूष यदि नित्य विधिपूर्वक शुद्ध मन से एक सामायिक करे तो भी उक्त दान करनेवाला, सामायिक करनेवाले की बराबरी नहीं कर सकता । प्रतिदिन दो घड़ी विधिपूर्वक शुद्ध सामायिक करनेवाला श्रावक यदि पुण्य बाँधे तो बानवे करोड़, उनसाठ लाख, पच्चीस हजार, नौ शौ पच्चीस पल्योपम से भी कुछ अधिक देवगति का आयुष्य प्राप्त करता है । जो लोग मोक्ष गए, जा रहे हैं और जावेंगे, वे सब सामायिक के ही प्रभाव से जानना चाहिए।"

"हे भगवन् ! आपके ही प्रभाव से मुझे राज्य प्राप्त हुआ है । यदि उस समय मुझे आपका दर्शन नहीं होता, तो संयम-लक्ष्मी की प्राप्ति कैसे होती ? मेरा वह रंक-भिखारी जीव ऐसी अपूर्व लक्ष्मी का भोक्ता कहाँ से और कैसे होता ? अतः हे प्रभो ! पूर्व भव में भी आप ही मेरे गुरू थे, और इस भव

में भी आप ही मेरे गुरू बनने की कृपा कीजिए।" सम्प्रति ने निवेदन किया।

"हे नरेन्द्र ! हमें देखते ही तुम्हें जाति-स्मरण ज्ञान उत्पन्न हुआ और उसी के प्रभाव से तुमने अपना पूर्वजन्म देख लिया। जैन धर्म का प्रत्यक्ष प्रभाव भी तुम्हें दृष्टिगोचर हो गया। मैंने जो तुमसे कहा है कि जैन धर्म का परोक्ष फल तो मुक्ति प्राप्ति ही है। ये सब तो उसके अवान्तर फल हैं। इसलिए धर्म में आलस्य नहीं करना चाहिए।" गुरू ने समझाया।

"आपके उपकारों की सीमा ही नहीं है और यह राज्य भी आपकी कृपा का ही फल है। अतएव अब इसे आप ही ग्रहण कीजिए, जिससे कि मैं कृतार्थ हो सकूँ ! आपके ऋण से मुक्त हो सकूँ।" राजा ने आभार प्रदर्शित किया।

"राजन ! निस्वार्थी मनुष्यों को किसी प्रकार की लालसा नहीं होती। संसार से मुक्त हुए त्यागी तो केवल मुक्ति ही चाहते हैं। तब तुम्हारे राज्य से हमें क्या प्रयोजन हो सकता है ?"

"तो भगवन् ! बतलाइए कि मैं क्या करूँ ? मेरे लिए क्या करना उचित है ?"

"नरेश्वर ! स्वर्ग और मोक्ष देनेवाले जैन धर्म की आराधना कीजिए, जिससे कि इस संसार से तुम्हारा निस्तार हो सके ! धर्म, अर्थ का और मोक्षरूपी चारों पुरूषार्थ की साधना के बिना मनुष्य-जीवन पशु के समान निष्फल है। इन चारों वर्ग में धर्म पुरूषार्थ को श्रेष्ट कहा है, क्योंकि शेष तीनों पुरूषार्थों की सिद्धि धर्म के बिना नहीं हो सकता। जो प्राणी ऐसे उत्तम जैन धर्म को छोड़ कर सामान्य सुख के लिए भोगोपभोग में ही स्वर्ग मान कर उसकी आशा में दोड़ते रहते हैं। वे लोग कल्प वृक्ष का उन्मूलनकर धतूरे को बोना चाहते हैं। चिन्तामणि रत्न का त्यागकर काँच के टुकड़े को स्वीकार करते हैं। ऐरावत हाथी को त्यागकर गधे को मोल लेते हैं। अतः हे राजन् ! सर्वोत्तम जैन धर्म का ही तुम्हें पालन करना चाहिए। इस धर्म का साक्षात् फल तुमने प्रत्यक्ष देख भी लिया है, जिससे अब तुम्हें अन्य प्रमाणों की आवश्यकता नहीं रहगई है ?" गुरु ने उपदेश दिया।

राजाने धर्म-श्रवण करने की जिज्ञासा प्रकट की। इसपर गुरू ने कहा- "राजन् ! इस समय तो हम प्रभु के महोत्सव में हैं। इन जीवन्त स्वामी-

महावीर स्वामी का आज बड़ा महोत्सव होने से उसमें हम लगे हुए हैं। धर्म का स्वरूप आदि जब तुम हमारे उपाश्रय में आओगे तब विस्तार से समझावेंगे !"

इस प्रकार महान् सम्प्रति ने आकर गुरू को जब नमस्कार किया, तो उस समारोह में चलनेवाले हजारों मनुष्यों को अत्यन्त आश्चर्य हुआ कि राजा यह क्या कर रहा है ? क्या पूछ रहा है ? और इस रहस्य को जानने के लिए सब लोग आतुर हो उठे। गुरू के उपदेश से सम्प्रति को बोध प्राप्त हुआ और जैन धर्म के प्रति उसके मन में पूज्य भाव उत्पन्न हो गया। अपने गुरू को नमन करने एवं उनका उपदेश सुनने से राजा की माता को बड़ी ही प्रसन्नता हुई और विशेष प्रसन्नता तो यह थी कि उसका पुत्र तीनों खण्ड का भोक्ता होते हुए भी अब संसार में निमग्न नहीं हो रहा है !" इस प्रकार सब के आश्चर्य बीच वह चलसमारोह-जुलूस वहाँ से आगे बढ़कर अपने स्थानपर चला गया।

क्रमशः

श्रावक जीवन

आचार्य श्री विजयभद्र गुप्त सूरीश्वरजी

– घर में बहु कितना ही अच्छा काम करती हो, सास उसका मूल्यांकन नहीं करती है, प्रशंसा के दो शब्द नहीं बोलती है...ऐसा ज्यादातर घरों में देखने में आता है न ?

– पुरुष बहुत मेहनत कर पैसा कमाता है, कुछ पत्नियाँ उसका मूल्यांकन नहीं करती हैं । ऊपर से बोलती हैं : 'पैसे कमाकर लाते हो...क्या हमारे पर उपकार करते हो ? घर चलाना है तो पैसे कमाने ही पड़ते हैं ।'

– नौकर सेठ के प्रति कितना भी सद्भाव रखता हो, अच्छा काम करता हो, परंतु ज्यादातर सेठ लोग नौकरों का मूल्यांकन नहीं करते हैं ! वैसे सेठ नौकरों के प्रति कितना भी सद्भाव और सद्व्यवहार रखते हों, नौकर लोग प्रायः उनका मूल्यांकन कम करते हैं ।

सद्भाव और सद्व्यवहार का मूल्यांकन करें :

दुनिया में सद्भाव और सद्व्यवहार बहुत दुर्लभ तत्त्व हैं । किसी भी व्यक्ति में ये दो तत्त्व दिखायी दें तो उसकी प्रशंसा करनी चाहिए । उसके प्रति सद्भाव प्रदर्शित करना चाहिए, सद्व्यवहार करना चाहिए । ऐसा करने से उन दो तत्त्वों में वृद्धि होती है । सद्भाव वृद्धि पाता है, सद्व्यवहार व्यापक बनता है ।

मुनिराज ने 'नयसार' के सद्भाव का और सद्व्यवहार का मूल्यांकन किया । 'यह आत्मा सुयोग्य है, सुपात्र है, गुणवान् है । इसने मुझे मार्ग बताया है, मैं भी उसको मार्ग बताऊं ।'

जब सही रास्ते पर दोनों आए तब नयसार ने कहा : 'हे महात्मन्, इसी रास्ते पर आप चले जाना...आगे सार्थ मिल जाएगा ।'

मुनिराज ने नयसार के सामने करूणा और वात्सल्य से देखा । नयसार नतमस्क हो, मुनिराज को नमन कर रहा । मुनिराज ने प्रेमपूर्ण शब्दों में कहा : 'महानुभाव, तुने मुझे एक गांव का रास्ता दिखाया, मैं तुझे परम सुख और परम शान्ति का रास्ता बताना चाहता हूं ।'

'बताइए महात्मन् !' नयसार ने भक्तिपूर्ण शब्दों में कहा ।

मुनिराज ने कहा : 'नयसार, जो सर्वज्ञ और वीतराग अरिहंत हैं उनको ही परमात्मा मानना । जो महाव्रतधारी हों, जिनाज्ञानुसारी हो, उनको सद्गुरु मानना और सर्वज्ञभाषित धर्म को ही धर्म मानना । और, मैं तुझे एक महामंत्र देता हूं, रोजाना उसका जाप करना ।'

मुनिराज ने नयसार को श्री नवकार महामंत्र दिया । नयसार ने बहुत ही भक्तिभाव से महामंत्र ग्रहण किया । कृतज्ञभाव से नयसार की आंखें भर आयी । मुनिराज ने आशीर्वाद दिया और अपने रास्ते चल दिए । नयसार, जब तक मुनिराज दिखायी दिए, तक तक खड़ा रहा, बाद में वह अपने कैम्प की ओर वापस लौटा । उसका हृदय भक्तिभाव से गद्गद् था । उसकी कल्पना में वे मुनिराज तैरते थे । उसने "सम्यग्दर्शन" गुण पा लिया था ।

'अतिथि संविभाग' का यह प्रभाव था । 'अतिथि' के रूप में आप के घर कभी उत्तम आत्मायें आ सकती हैं । कोई तीर्थंकर की, कोई गणधर की, कोई केवलज्ञानी की आत्मा, जो कि आनेवाले जन्मों में होनेवालीं हों, आ सकती हैं आप के घर । यदि आप भावपूर्ण हृदय से उनका संविभाग करते हैं तो महान् लाभ प्राप्त हो सकता है ।

हृदय में 'अतिथि' के प्रति प्रेमभाव, भक्तिभाव, अहोभाव होगा तो अतिचार नहीं लगेंगे । परंतु उस भाव में गिरावट आती है तो अतिचार लगते ही हैं ।

पांच अतिचार :

'अतिथि - संविभाग' व्रत के पांच अतिचार ग्रन्थकार ने इस प्रकार बताये हैं :

सचित्तनिक्षेप-पिधान-परव्यपदेश-मात्सर्य-कालातिक्रमाः ।

१. पहला अतिचार लगता है सचित्त निक्षेप । साधु-साध्वी सचित्त (सजीव) आहार नहीं लेते हैं, सचित्त आहार उनके लिए वर्जित होता है । वैसे, सचित्त (फल-सब्जी वगैरह) वस्तु से संलग्न अचित्त आहार भी साधु-साध्वी ग्रहण नहीं करते हैं । कच्चे पानी के बरतन पर रोटी-सब्जी वगैरह पड़े हों, हम वह आहार नहीं ले सकते ! चूंकि कच्चा पानी (बिना उबाला हुआ) सचित्त होता है । वैसे एक बर्तन में फल पड़े हैं, फल सचित्त होते हैं

(केले के अलावा) उन फलों के बर्तन पर अचित्त आहार पड़ा हो, फिर भी वह आहार हम ग्रहण नहीं कर सकते हैं ।

अतिथि-संविभाग–व्रत करनेवाला श्रावक, यदि अज्ञानता से आहार को सचित्त वस्तु के ऊपर रखता है...गल्ती से रखता है...साधु मुनिराज को वह कल्पता नहीं है, इसलिए वे लेते नहीं । यह 'अतिचार' है । जान बूझकर, साधु को आहार नहीं देना पड़े-इस भावना से करता है तो व्रत भंग होता है ।

जैसे कि वह सोचता है : 'मेरे इस अतिथि-संविभाग व्रत के अनुसार मुझे साधु को भिक्षा देनी चाहिए, परंतु ये साधु सचित वस्तु पर रखी हुई वस्तु लेते नहीं है, मैं उनके सामने आहार रख दूंगा...वे लेंगे नहीं और मेरा व्रत टूटेगा नहीं !'

इस में 'मेरा व्रत टूटेगा नहीं', यह भाव व्रतसापेक्षता का होने से अतिचार है, अन्यथा जान बूझकर भिक्षा नहीं देने की भावना से यदि वैसा करता है तो व्रतभंग ही कहा जायेगा ।

२. दूसरा अतिचार है 'सचित्तपिधान' का । आहार के ऊपर सचित्त पुष्प-फल-कंद आदि रख कर आहार को ढक देता है और जब भिक्षा के लिए मुनि आते हैं तब वह आहार उनके सामने रख देता है । मुनिराज वह आहार ग्रहण नहीं करते हैं, चले जाते हैं, तब यह मूर्ख मनुष्य सोचता है : मैंने तो मुनि के सामने भिक्षा धर दी थी, उन्होंने नहीं ली तो मैं क्या करूँ ? मेरा व्रत टूटा नहीं !

मात्र मन मनाने की बात है यह ! वास्तव में व्रतभंग ही कहा जायेगा यह । कुटिल बुद्धि से ही उसने अचित आहार को सचित वस्तुओं से ढंक कर रखा है...जिससे कि मुनि आहार ग्रहण करे ही नहीं ! अतिथि को नहीं देने की भावना में 'संविभाग' रहता ही नहीं ! संविभाग करने को भावना के बिना अतिथि संविभाग व्रत कैसे अखंड रहेगा ! टूट ही जायेगा ।

३. अब तीसरा अतिचार समझ लो । लगाने के लिए नहीं, बचने के लिए समझना ! श्रावक साधुओं की भिक्षाग्रहण करने की पद्धति जानता है कि जो वस्तु जिस व्यक्ति की हो, उसी की इच्छा से वह वस्तु ग्रहण करते हैं। मालिक की इच्छा के बिना, दूसरा व्यक्ति वह वस्तु देवे, तो भी साधु ग्रहण नहीं करते ! इस नियम का फायदा उठानेवाला व्रतधारी श्रावक, साधु को

भिक्षा नहीं देनी पड़े इसलिए भिक्षा देते समय बोलता रहता है : 'यह घी तो लल्लुभाई का है, यह शर्करा चंचलबेन की है...और वे लोग यहां नहीं हैं, फिर भी महाराज सा. आप ग्रहण करें यह घी और यह शर्करा!' मुनन मना करेंगे ! नहीं लेंगे भिक्षा और चले जायेंगे ! वह व्रतधारी श्रावक खुश हो जायेगा ! चलो, घी-शर्करा बच गये ! और व्रत भी बच गया !

कैसे बचेगा व्रत ऐसी दुष्ट बुद्धि वाले का ! टीकाकार आचार्यश्रीं ने लिखा है-- **'यदाऽना भोगादिनाऽतिक्रमादिना वा एताना चरति तदाऽविचारोऽन्यदा तु भंग एव !'** यदि व्रतधारी अनजानपन से...भूल से वैसा करता है तो अतिचार लगता है, परंतु अनाचार करता है, इरादातन करता है...तो व्रतभंग ही होता है।

४. चौथा अतिचार तब लगता है जब वह भिक्षा देते समय सोचता है: 'मेरे पासवाले भिखारी ने भी मुनि को भिक्षा दी, तो क्या मैं उस भिखारी से भी गया बीता हूं ?' ऐसा सोचकर देता है भिक्ष । अथवा क्रोध कर के देता है भिक्षा...तो अतिचार लगता है । 'मात्सय' का अर्थ है दूसरों का गुण सहन नहीं होना । दूसरे लोग मुनि को दान देते हैं, यह दूसरों का गुण देखकर सहन नहीं होता है...और मात्सर्य से प्रेरित होकर भिक्षा देता है . यह अतिचार है । वास्तव में 'संविभाग' होता ही नहीं है, इसलिए भंग ही मानना चाहिए ।

५. पांचवा अतिचार भी नाम का ही अतिचार है, वास्तव में व्रत भंग ही होता है । मुनि का भिक्षा का जो समय हो, उसके पहले ही भोजन कर ले, अथवा समय बीत जाने के बाद भोजन करे । जब मुनि आये भिक्षा के लिए, तब कहे 'आप देरी से आयें' अथवा 'आप जल्दी आ गये ।'

ये पांच अतिचार हैं । संविभाग की भावना चली जाती है तव ये अतिचार लगते हैं । अतिथि के प्रति भक्तिभाव नष्ट हो जाता है तब ये दोष लगते हैं । दोषरहित व्रतपालन ही आत्मकल्याण का कारण बनता है– यह बात कल बताऊंगा ।

क्या सचमुच इस्लाम जानवरों को जिबह करने की इजाजत देता है ?

एस.एम. सलमान अर्शद एडवोकेट

आज का मानव-समाज जिस रूप में हमारे सामने है, क्या वह आम आदमी के कारण है, या कि उन तमाम महापुरूषों के कारण जिन्होंने समय-समय पर अपनी तालीम से हमें नवाजा । यकीनन दूसरी बात सही है, क्योंकि आम आदमी तो हमेशा अपनी इच्छाओं के पीछे भागता रहता है, कई बार तो ऐसा भी होता है कि वह विचार ही नहीं करता कि उसकी इच्छाएँ उसे कहाँ ले जा रही हैं । हमारे मुस्लिम समाज में मांसाहार का प्रचलन भी ऐसी ही इच्छाओं का परिणाम है । जिससे न सिर्फ हम अपना स्वास्थ्य खराब कर रहे हैं बल्कि कुदरती निजाम को भी बिगाड़ रहे है । जिसके लिए हम कुदरती कानून के मुताबिक सजाएँ जरूर पायेंगे/पा रहे हैं। कहा जाता है कि इस्लाम मांसाहार की इजाजत देता है ? क्या सचमुच ? **क्या पैगम्बर हजरत मोहम्मद स. दुनियां के दूसरे महापुरूषों से अलग हटकर कुदरती निजाम को बिगाड़ने की इजाजत दे सकते हैं ?** ऐसा लगता तो नहीं, फिर भी इस पर विचार करें..... ।

जन्म के समय सभी इन्सान एक जैसा होते हैं । कोई नहीं जानता, आगे वे क्या बनेंगे, लेकिन बाद में इन्हीं में से कुछ लोग अपनी जिजीविषा, साधना, तपस्या और इबादत के बल पर महापुरूषों की श्रेणी में आ जाते हैं और अपनी तालीम की रोशनी से दुनियां को मालामाल करते हैं ।

यदि हम तटस्थ भाव से, बिना किसी पूर्वाग्रह के दुनियां के तमाम महापुरूषों पर दृष्टिपात करें तो पायेंगे कि सर्वप्रथम उन्होंने प्राणी मात्र के कल्याण के लिये तपस्या की और जब उन्हें ज्ञान (वही) प्राप्त हो गया तो उन्होंने अपने ज्ञान के आलोक से दुनियां को आलोकित किया । यहां गौरतलब बात यह है कि सभी महापुरूषों ने अपने ज्ञान को देश, काल, वातावरण के अनुसार एक निश्चित स्वरूप दिया, जिसे समग्रता में हम धर्म या मजहब कहते हैं । यही कारण है कि विभिन्न धर्मों की अन्तर्वस्तु तो एक है लेकिन उनका बाह्य स्वरूप अलग-अलग दिखाई पड़ता है ।

हम अपने मूल विषय "**इस्लाम में मांसाहार की इजाजत है या नही**" पर लौटते हैं। इस्लामिक मेडिकल एसोसिऐशन के प्रतिनिधि डॉ. एम.ए। कातमें ने मांसाहार को कुरान के कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। बादशाह अकबर ने अपने द्वारा चलाये गये मत 'दीन-ए-इलाही' में मांसाहार व जीव हत्या करने को स्पष्ट रूप से मना किया है। इतिहास का सामान्य विद्यार्थी भी जानता है कि बादशाह अकबर बहुत बड़े विद्वान् थे और उनके दरबार में विभिन्न धर्मावलम्बियों के बीच बहस-मुबाहिसे हमेशा होते रहते थे इसलिये उनके फैसले को निराधार नहीं कहा जा सकता है।

हिन्दुस्तान में जिनके प्रभाव से इस्लाम प्यार, मोहब्बत और अमन का माध्यम बनकर फैला, वे हमारे सूफी फकीर हैं और यह सभी जानते हैं कि सूफी फकीर मांसाहार नहीं करते थे। ऐसा क्यों था? क्या इसका कोई वैज्ञानिक, धार्मिक व तार्किक आधार भी है, इस पर विचार किया जाना चाहिये। हमारे रसूल स. की '**हदीश**' **है कि "इरहमु मन फिल अर्दे यरहम कुमर्रहमान**" अर्थात् दुनियां वालों पर तुम रहम करो, क्योंकि खुदा ने तुम पर बड़ी मेहरबानी की है। सोचने की बात है कि आज जिन जानवरों को हम जिबह करते हैं वे न सिर्फ इसी दुनियां के हैं बल्कि हमारे जीवन के अटूट हिस्से हैं। इसी तहर '**वेजा तवल्ला सा आ फिल अरदे लयफ सेदा फीहा व युह लिकल हरसा वन्नस्ल वल्लाहो ला युहिबुल फसाद।**' अर्थात् जानवरों को मारना व खेती को खराब करना जमीन में खराबी फैलाना है और अल्लाह खराबी को पसन्द नहीं करता। आज अगर पर्यावरण की समस्या के मद्देनजर इस आयत-ए-करीमा को देखा जाय तो यह कितना मौजू है.....।

अभी ऊपर यह बात कही गई है कि महापुरूषों ने अपने ज्ञान को देश, काल, वातावरण के अनुसार एक निश्चित स्वरूप देते हुए नियमबद्ध किया है। उदाहरण के तौर पर मात्र एक बधने पानी से विधि-पूर्वक एक मुस्लिम मुँह-हाथ व पैर भली प्रकार धो लेता है। यदि निश्चित नियम का पालन न किया जाय तो एक बाल्टी पानी से भी इतना ही काम न होगा। प्रश्न उठता है कि यह नियम क्यों बना? यदि देश, काल, वातावरण के हिसाब से देखा जाय तो इस्लाम सर्वप्रथम अरब जगत में फैला, जहाँ पानी की कमी थी। इसलिये ऐसा नियम वहाँ के लिये नितान्त आवश्यक था।

हम जानते हैं कि अरब जगत में अनाज आदि की पैदावार आज तमाम वैज्ञानिक तकनीकों के उपलब्ध हो जाने के बाद भी बहुत कम है तो

पुराने जमाने में और भी बुरा हाल रहा होगा। ऐसे में आदमी ने अपनी जरूरत पूरी करने के लिए गोश्त (मांस) खाना शुरू किया होगा। जो कि अन्य दूसरी चीजों की तरह ही एक परम्परा की भाँति आज तक चला आ रहा है। हमारे देश में भी जनजातियाँ जंगली घास, कुछ विशेष प्रकार की जड़, फल और जानवरों का मांस इसी कारण खाते हैं। इस बात को ध्यान में रखकर देखें तो आज इस प्रकार की मजबूरी नहीं है। अरब जगत भी तेल जैसी दौलत पा लेने के कारण अब अपनी अनाज की जरूरतों को आसानी से पूरा करने लगा है। अतः मांसाहार अब हमारी विवशता कतई नहीं।

